हरित झाँसी

स्वच्छ झाँसी

झाँसी नगर निगम,झाँसी।

पत्रांक : 1219 /जनकार्य वि0/न0नि0/2022–23 दिनांक :– 18/10/22

संशोधित ई–निविदा सूचना

दिनांक 11.10.2022 से 19.10.2022 को अमृत सरोवर महोत्सव के अन्तर्गत बिजौली तालाब का सौन्दर्यीकरण का कार्य की निविदा आमंत्रित की गयी है उक्त कार्य में जमानत राशि रू0 90,86,700=00 का उल्लेख किया गया है शासनादेश दिनांक 08.06.2017 के क्रम में रू0 47,43,400=00 पढ़ा जाय, इसके साथ–साथ निविदा शर्त में आंशिक संशोधन किया जाता है :–

1. निविदादाता अथवा ज्वाइन्ट वैंचर के पास विद्युतीकरण कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता अथवा ज्वाइन्ट वैंचर के पास किसी भी सरकारी विभाग में Horticulture Class-1 श्रेणी में पंजीकृत होने का प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदादाता अथवा ज्वाइन्ट वैंचर के पास हॉर्टीकल्चर कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. कार्य में विद्युत, हॉर्टीकल्चर का कार्य सम्मिलित है इसीलिए निविदादाता द्वारा विद्युतीकरण एवं हॉटीकल्चर में वर्णित सक्षम फर्म/निविदादाता, जिनके द्वारा हॉटीकल्चर एवं विद्युतीकरण का सामान्य स्तर का कार्य किया गया हो, के साथ Memorandum of Understanding(MoU) की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

साथ ही दिनांक 20.10.2022 से 28.10.2022 को ग्वालियर रोड स्थित अटल पथ से बी0के0डी0–जीवनशाह तिराहा तक एवं जेल चौराहे से यूनिवर्सिटी पुलिस चौकी तक बायीं ओर आईकोनिक रोड योजना के अन्तर्गत सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं कानपुर रोड यूनिवर्सिटी पुलिस चौकी से जेल चौराहे तक एवं जीवनशाह तिराहे से बी0के0डी0 चौराहा होते हुए ग्वालियर रोड स्थित अटल पथ तक बायीं ओर आईकोनिक रोड योजना के अन्तर्गत सौन्दर्यीकरण का कार्य की निविदा आमंत्रित की गयी है उक्त कार्य में शासनादेश दिनांक 08.06.2017 के क्रम में जमानत राशि क्रमशः रू0 41,63,800=00 एवं रू0 41,80,500=00 का उल्लेख किया गया है जिसे क्रमशः रू0 22,81,900=00 एवं रू0 22,90,300=00 पढ़ा जाय। उपरोक्त आंशिक संशोधन दिनांक 28.10.2022 को उपरोक्त आमंत्रित निविदा में भी माना जाय। शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

मुख्य अभियंता
नगर निगम,झाँसी।

पृष्ठांकन एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि :–

1. नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सदस्य, निविदा समिति, नगर निगम,झाँसी को सूचनार्थ।
3. शाखा प्रबन्धक, एच0डी0एफ0सी0 को सूचनार्थ।
4. नाजिर/प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम,झाँसी को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. आई0टी0एक्सपर्ट,नगर निगम,झाँसी को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम,झाँसी।

Scanned with CamScanner